(ट) यहां जो शब्द और अभिव्यक्तियां परिभाषित नहीं हैं उनका अर्थ क्रमशः वैसा होगा जैसा अधिनियम, और भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19वां) या मूलभूत नियमावली या सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियमावली 1960 में, उनके लिए दिया गया है, जो भी लागू हो।

3. निधि का संस्थापन : (1) बोर्ड के कर्मचारियों के लिए सामान्य भविष्य निधि संस्थापित की जाएगी।

(2) निधि इससे बनेगी :—

(अ) बोर्ड की भविष्य निधि में बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा किए गए अंशदान और उस पर 31 मार्च 1991 को लागू ब्याज।

(आ) इन नियमों के अनुरूप निधि में जमा किए जाने वाले अंशदान।

(इ) इन विनियमों के अधीन निधि में संदत्त सभी राशियां "नारियल विकास बोर्ड सामान्य भविष्य निधि" में जमा की जाएंगी।

(ई) केन्द्र सरकार के अनुमोदन से बोर्ड द्वारा समय-समय पर निधि में किए जाने वाले अन्य ऐसे अंशदान।

(उ) ऋण, जमा तथा निवेशों से प्राप्त निधि की आय।

(ऊ) ऐसी राशियां वर्ष के अन्त में निधि में जमा की जाएंगी जो देय होने के पांच साल के भीतर न ली गई हों।

4. निधि का प्रबंधन : निधि, बोर्ड में निहित होगी। बोर्ड की ओर से तथा कार्यकारी समिति द्वारा प्रबंधित अथवा कार्यकारी समिति द्वारा बोर्ड से निर्दिष्ट सीमा तक अध्यक्ष द्वारा प्रबंधित होगी।

5. पात्रता की शर्तें : निधि में अंशदान करने के पात्र हैं :—

(1) बोर्ड की स्थापना के बाद नारियल विकास निदेशालय से स्थानांतरित होने पर 12-1-81 से बोर्ड की सेवा में रहे कर्मचारी और जो इस सेवा में इन विनियमों की अधिसूचना के दिनांक से हों तथा 12-1-1981 को या तदनंतर एक वर्ष की लगातार सेवा पूरी की हो; और

(2) (1) बोर्ड का हर कर्मचारी (पुनर्नियुक्ति पेंशन प्राप्त को छोड़) जो बोर्ड की सेवा में 12-1-1981 या उसके बाद आया और उसकी सेवा-रत रहा है और जिसने एक वर्ष से कम सेवा न की हो, उन अधिकारियों को छोड़कर, जिनकी सेवाएं किसी सरकार द्वारा बोर्ड को सौंपी गई हों और जिनके संबंध में बोर्ड से अपेक्षित है कि वह छुट्टी पेंशन या भविष्य निधि अंशदान उस सरकार को दे।

(2) ऐसा अस्थाई कर्मचारी जो एक वर्ष की सेवा महीने के मध्य में पूरी करता है वह निधि में अंशदान आगामी महीने से देगा।

(3) हर ऐसा कर्मचारी इस निधि में अंशदान देगा जिस पर ये विनियम लागू होते हैं।

6. नामांकन : (1) अंशदाता निधि में शामिल होने समय सचिव को ऐसा नामांकन भेजेगा, जिसमें वह एक या अधिक व्यक्तियों को यह अधिकार देगा उसकी मृत्यु होने पर, निधि के उसके खाते में बकाया राशि प्राप्त करेगा, या वह राशि देय होने के पहले या देय होने के बाद दी नहीं गयी हो, प्राप्त करने का अधिकार देगा। बशर्ते कि अंशदाता यदि नाबालिग हो, वह वयस्कता की उम्र प्राप्त होने पर ही नामांकन करेगा।

आगे बशर्ते कि नामांकन करते समय अंशदाता का परिवार है तो वह ऐसा नामांकन परिवार के सदस्य या सदस्यों के नाम ही करेगा।

आगे बशर्ते कि निधि में शामिल होने से पहले अंशदाता यदि किसी भविष्य निधि में अंशदान कर रहा था और यदि उस अन्य भविष्य निधि में उसके खाते में जमा राशि निधि में अंतरित हो गई है,

आगे बशर्ते कि अंशदाता निधि में होने से पहले किसी अन्य निधि में अंशदान कर रहा था और वहां उसने नामांकन कर दिया था, यदि उसे अन्य भविष्य निधि के उसके खाते में जमा राशि निधि में अंतरित हो गई है तो वह नामांकन इन विनियमों के अधीन विधिवत किया गया नामांकन माना जाएगा, तब तक कि वह इस विनियम के अनुसार नामांकन कर देता है।

(2) अगर अंशदाता उपखंड (1) के अधीन एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित करता है तो वह, नामांकन में हर नामांकित को देय राशि या हिस्सा ऐसे विनिर्दिष्ट करेगा जिससे पूरी राशि का विभाजन, जो निधि के उसके खाते में किसी समय बकाया हो, हो जाता है।

(3) प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्रपत्रों में ही हर नामांकन किया जाएगा।

(4) अंशदाता किसी भी समय सचिव को लिखित सूचना भेजकर नामांकन रद्द कर सकता है। अंशदाता ऐसी सूचना के साथ या अलग से इस विनियम के प्रावधानों के अनुसार नया नामांकन भेजेगा।

(5) अंशदाता नामांकन में यह प्रावधान कर सकता है कि :

(अ) अंशदाता के पहले किसी विनिर्दिष्ट नामांकित की मृत्यु होने पर उसे प्रदत्त अधिकार अन्य ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों को मिलेंगे जो नामांकन में विनिर्दिष्ट हों; बशर्ते कि ऐसे अन्य व्यक्ति अंशदाता के परिवार में अन्य सदस्य हो/हों तो ऐसे अन्य सदस्यों को। यदि इस खंड के अधीन अंशदाता ऐसा अधिकार एक से अधिक व्यक्तियों को देता है तो वह विनिर्दिष्ट करेगा कि नामांकित को देय पूरी राशि की कितनी राशि या हिस्सा हर एक व्यक्ति को मिलेगा।

(आ) कि उसमें विनिर्दिष्ट आकस्मिकता के घटने पर नामांकन अवैध हो जाएगा :

बशर्ते कि नामांकन करते समय अंशदाता के परिवार में एक ही सदस्य हो तो वह यह प्रावधान करेगा कि आगे चलकर उसके परिवार में अन्य सदस्य प्राप्त होने की दशा में खंड (अ) के अधीन एकांतर नामांकित को प्रदत्त अधिकार अवैध होगा।

(6) ऐसे नामांकित की मृत्यु के तुरन्त बाद जिसके बारे में उप-विनियम नियम (5) के खंड (अ) के अधीन नामांकन में विशेष प्रावधान नहीं किया गया है या ऐसी कोई घटना होती है जिसके कारण खंड (5) के उपखंड (आ) या उसके अनुबंध के अनुसार नामांकन अवैध हो जाता है, अंशदाता सचिव को लिखित रूप से नामांकन रद्द करने की सूचना देते हुए इस विनियम के प्रावधान के अनुसार नया नामांकन भेजेगा।

(7) अंशदाता द्वारा किया गया हर नामांकन या रद्द करने की हर सूचना, जहा तक वैध है, सचिव को प्राप्त होने की तारीख से प्रभावी होगी।

स्पष्टीकरण : इस विनियम में अगर किसी संदर्भ में अन्य अर्थ की अपेक्षा न हो तो, "व्यक्ति" या "व्यक्तियों" के अर्थ में कम्पनी या समिति या व्यक्तियों का निकाय सम्मिलित है, चाहे वे निगमित हो न हों।

7. अंशदाता खाता : हर अंशदाता के नाम से एक खाता खोला जाएगा जिसमें दर्शाया जाएगा :—(अ) उसका अंशदान, (आ) विनियम 12 के खंड (2) में विनिर्दिष्ट रूप से ब्याज, (इ) निधि से अग्रिम तथा निकासियां।

8. अंशदान की शर्तें : अंशदाता, अपनी निलंबन की अवधि को छोड़, माहवार अंशदान करेगा :

बशर्ते कि अंशदाता यदि चाहता है, औसत वेतन की छुट्टी या अर्जित छुट्टी को छोड़ अपनी छुट्टी की अवधि में अंशदान करना छोड़ सकता है

आगे बशर्ते कि अंशदाता को, निलंबन की अवधि के बाद बहाल होने पर एक या दो किस्तों में उतनी राशि का अंशदान करने की अनुमति दी जाएगी, जो ऐसी अवधि के संबंध में देय बकाया अंशदानों की राशि से अधिक न हो। (2) अंशदाता छुट्टी के दौरान अंशदान न करने का अपना विकल्प निम्नलिखित रूप से देगा :—

(अ) यदि वह ऐसा अधिकारी है जो अपने वेतन पर्चे स्वयं आहरित करता है, तो छुट्टी पर जाने के बाद के प्रथम पर्चे में अंशदान संबंधी कटौती न करके,

(आ) अगर वह अपना वेतन स्वयं आहरण करने वाला अधिकारी नहीं है, तो सचिव/आहरण व संवितरण अधिकारी को छुट्टी पर जाने से पहले लिखित सूचना देकर, समय पर विधिवत सूचना न दी जाए तो समझा जाएगा कि उसने अंशदान करना स्वीकार किया है।

टिप्पणी :—इस उप खंड के अधीन अंशदाता द्वारा दी गई विकल्प की सूचना अंतिम मानी जाएगी।

(3) विनियम 20 के अधीन निधि के अपने खाते में जमा राशि को जिस अंशदाता ने निकाल लिया हो वह ऐसी निकासियों के बाद कार्य-भार ग्रहण करने तक निधि में अंशदान नहीं करेगा।

(4) उपखंड "1" में कुछ भी होते हुए भी अंशदाता उस महीने में निधि में अंशदान नहीं करेगा जिसमें वह सेवा छोड़ता है, किन्तु यदि उक्त महीने के प्रारम्भ से पहले वह सचिव/आहरण व संवितरण अधिकारी को लिखित रूप से अंशदान देने का अपना विकल्प सूचित करता है तो निधि में अंशदान कर सकता है।

(5) जो अंशदाता उत्पादकता से जुड़े बोनस का हकदार है यदि वह चाहे योजना के अनुसार पूरी रकम या उसका अंश भविष्य निधि खाते में जमा कर सकता है।

9. अंशदान की दरें : (1) अंशदान की रकम अंशदाता द्वारा निर्धारित की जाएगी, जिसकी निम्नलिखित शर्तें हैं :—

(अ) वह पूर्ण रुपयों में अभिव्यक्त हो;

(आ) वह कितनी भी रकम हो सकती है, मगर उसके वेतन के छः प्रतिशत से कम या कुल वेतन से अधिक नहीं होगी।

(2) खंड (1) के प्रयोजन के लिए वेतन यानी (अ) पिछले वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में रत अंशदाता के मामले में वह वेतन जिसके लिए वह उस दिनांक को हकदार था :

बशर्ते कि (1) अगर उस तारीख को अंशदाता छुट्टी पर था और उसने वह छुट्टी की अवधि में अंशदान न करने का विकल्प दिया था उस तारीख को वह निलंबित था, तो उसका वेतन वह होगा जिसका हकदार वह छुट्टी से लौटकर कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रथम दिन होता।

(2) यदि अंशदाता उस तारीख को भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर था या उस तारीख को छुट्टी पर था और आगे भी छुट्टी पर रहता है तो उसकी परिलब्धियां, वह वेतन होगा जिसका हकदार वह भारत में कार्यरत होने पर होता।

(आ) ऐसे अंशदाता के मामले में जो पिछले वर्ष के 31 मार्च को बोर्ड की सेवा में नहीं था तो वह वेतन जिसका हकदार निधि में शामिल होने के दिन था।

3. अंशदाता हर साल सचिव को लिखित रूप से अपने माहवार अंशदान की निर्धारित राशि की सूचना देगा या निम्नांकित रीति से जो भी लागू हो :—

(अ) यदि वह पिछले वर्ष के 31 मार्च को कार्यरत था, तो उस महीने के अपने वेतन पर्चे से इस संबंध में जो कटौती दिखाता है उसके द्वारा,

(आ) पिछले वर्ष के 31 मार्च को छुट्टी पर था और उस छुट्टी के दौरान अंशदान न देने का विकल्प दिया था या उस तारीख को निलंबित था तो छुट्टी से लौटने के बाद के प्रथम वेतन पर्चे में इस संबंध जो कटौती दिखाता है उसके द्वारा,

(इ) यदि वह बोर्ड की सेवा में वर्ष में पहली बार आया है तो निधि में शामिल होनेवाले महीने के अपने वेतन पर्चे में इस संबंध में कटौती दिखाने के द्वारा,

(ई) पिछले वर्ष के 31 मार्च को यदि वह विदेश सेवा में था तो चालू वर्ष के अप्रैल मास के अंशदान के लिए उसके द्वारा बोर्ड को जमा राशि द्वारा।

(4) अंशदान की इस तरह निर्धारित राशि को :—

(अ) वर्ष के दौरान किसी समय एक बार घटाया जा सकता है,

(आ) वर्ष के दौरान दो बार बढ़ाया जा सकता है,

(इ) पूर्वोक्त रूप से घटाया बढ़ाया जा सकता है, :

बशर्ते कि इस तरह घटाई गई राशि उप खंड (1) में नियत न्यूनतम राशि से कम नहीं होगी :

आगे बशर्ते कि यदि अंशदाता कैलेण्डर मास के किसी भाग में अर्ध वेतन या अर्ध औसत वेतन की छुट्टी पर था और ऐसी छुट्टी की अवधि अंशदान न देने का विकल्प दिया हो, तो देय अंशदान की राशि ऊपर उल्लिखित छुट्टियों को छोड़ यदि अन्य किसी छुट्टी सह ड्यूटी पर जितने दिन था उनके भुगतान पर निर्भर होगी।

10. विदेश सेवा में स्थानांतरण या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति:–

जब कोई अंशदाता विदेश सेवा में स्थानांतरित होता है या भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति पर भेजा जाता है तो निधि के अनुबंधों की शर्तों से बंधा रहेगा जैसे कि वह इस तरह स्थानान्तरण या प्रतिनियुक्ति पर भेजने जाने पर रहता है।

11. अंशदान की वसूली:—(1) बोर्ड को ये अधिकार होंगे कि वह किसी अंशदाता की परिलब्धियों से ऐसी कटौती करे जैसे कि उससे बकाया अंशदान, अग्रिम का मूल तथा उस पर ब्याज, यदि हो, जो उसे निधि से दिए गए हों।

(2) जब परिलब्धियां अन्य किसी स्रोत से आहरित होती हों तो अंशदाता अपना बकाया सचिव को माहवार प्रेषित करेगा :

बशर्ते कि ऐसे अंशदाता के मामले में जो सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन निगमित निकाय में प्रतिनियुक्ति पर है, तो अंशदान उस निकाय द्वारा वसूल करके सचिव को प्रेषित किए जाएंगे।

(3) यदि अंशदाता, निधि में शामिल होने की अपेक्षित तारीख से अंशदान नहीं करता या विनियम 8 के अनुबंध से भिन्न रूप में वर्ष के किसी महीने या महीनों में चूक जाता है तो अंशदान के बकाया के रूप में निधि को देय कुल राशि और उस पर विनियम 12 में निर्दिष्ट ब्याज निधि में अंशदाता द्वारा जमा करना होगा या चूक जाने पर सचिव द्वारा अंशदाता की मूल परिलब्धियों में से किस्तों में या अग्रिम मंजूर करने के सक्षम प्राधिकारी द्वारा जैसे निर्देश दिए जाते हैं, जिसके लिए विनियम 13 के उप विनियम (2) के अंतर्गत विशेष कारण अपेक्षित है, वसूल करने का आदेश दिया जाएगा।

12. ब्याज:—(1) बोर्ड, अंशदाता के खाते में केन्द्र सरकार द्वारा सामान्य भविष्य निधि (सिविल सेवा) के लिए हर वर्ष हेतु निर्धारित दरों पर उसके द्वारा समय-समय पर नियत गणना के विधान से ब्याज जमा करेगा।

(2) ब्याज, हर वर्ष के 31 मार्च से निम्नांकित रूप से जमा किया जाएगा :–

(1) अंशदाता के खाते में पिछले वर्ष के अंतिम दिन को जमा राशि पर–चालू वर्ष में निकाली गई रकम को काटकर 12 महीने के लिए ब्याज ;

(2) चालू वर्ष में निकाली गई राशियों पर चालू वर्ष के प्रारंभ से निकासी के महीने के पूर्ववर्ती महीने के अंतिम दिन तक ब्याज:–

(3) पिछले वर्ष के अंतिम दिन के बाद अंशदाता के खाते में जमा सब राशियों पर जमा करने की तारीख से चालू वर्ष के अंत तक ब्याज;

(4) ब्याज की कुल राशि निकटतम पूर्ण रुपये में बदला जाएगा (50 पैसे की गिनती अगले उच्च रुपए में होगी);

बशर्ते कि अंशदाता के खाते में जमा राशि जब देय हुई हो तो इस विनियम के अधीन उस पर का ब्याज, केवल वर्ष के आरम्भ से या जमा की तारीख से जो भी लागू हो, उस तारीख तक की अवधि के लिए जमा किया जाएगा, जब अंशदाता के खाते में की राशि देय हो जाती है;

3. इस विनियम में यदि उसी महीने के अंतिम कार्य दिवस को परिलब्धियों का आहरण और संवितरण किया जाता है तो अंशदानों की वसूली के मामले में, जमा करने की तारीख, आनेवाले महीने का पहला दिन मानी जाएगी जिसमें वसूली की जाती है, और अंशदाता द्वारा प्रेषित राशि संबंध में, प्राप्ति के परवर्ती महीने का पहला दिन माना जाएगी, यदि वह परवर्ती महीने के पांचवें दिन से पूर्व सचिव को प्राप्त हो जाती है। लेकिन यदि वह अगले महीने के पांचवें दिन को या उसके बाद, प्राप्त होती है तो अगले परवर्ती महीने का प्रथम दिन मानी जाएगी :

बशर्ते कि अंशदाता के वेतन या छुट्टी वेतन और भत्तों के आहरण में विलम्ब हुआ हो और परिणामस्वरूप निधि में उसका अंशदान भी विलंबित हो, तो ऐसे अंशदानों पर ब्याज, अंशदाता का वेतन, या छुट्टी वेतन जिस महीने में देय था, वस्तुतः जिस किसी महीने में आहरित होने पर भी, उसी महीने से देय होगा :

आगे बशर्ते कि विनियम 11 के खंड (2) के अनुबंध के अनुसार प्रेषित राशि के मामले में जमा की तारीख, यदि वह उस महीने के पंद्रहवें दिन से पहले प्राप्त हो तो, महीने का पहला दिन मानी जाएगी।

(4) विनियम 19,20,21 के अधीन दी जाने वाली किसी राशि के अतिरिक्त उन पर ब्याज का जिस महीने में भुगतान किया गया हो, उसके पूर्व वाले महीने के अंत तक अथवा ऐसी राशि के देय हो जाने के बाद के छठे महीने के अंत तक, इनमें से जो भी अवधि कम हो, ऐसे व्यक्ति को भुगतान किया जाएगा जिसे दिया जाना हो :

बशर्ते कि सचिव ने उस व्यक्ति (या उसके अभिकर्ता) को उस तारीख की सूचना दी है जब वह नकद रूप से भुगतान करने को तैयार हैं या भुगतान का चेक भेजा है, सूचित तारीख या चेक भेजने के पूर्ववर्ती महीने के अंत तक ही ब्याज देय होगा, जो भी लागू हो।

5. विनियम 11 के खंड 2, विनियम (14) के खंड (ii) विनियम 19 या 20 के अंतर्गत निधि में अंशदाता के खाते में स्थापित की जानेवाली राशियों पर ब्याज की गणना उन दरों पर होगी जैसा कि खंड (1) में क्रमशः नियत की जाए और इस विनियम में वर्णित रीति से हो।

13. निधि से अग्रिमः (1) अध्यक्ष निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए किसी अंशदाता को निधि से अग्रिम की मंजूरी दे सकते हैं जो पूर्ण रुपयों में होगा और तीन महीने के वेतन के समान राशि से अधिक नहीं होगा या अंशदाता के खाते में जमा राशि का आधा होगा, जो भी कम हो :—

(अ) अंशदाता या उस पर वस्तुतः निर्भर परिवार के सदस्यों, अन्यों की अस्वस्थता, प्रसूति या अशक्यता के संबंध में भुगतान करने के लिए, इसमें जहां आवश्यक हो, यात्रा का खर्च भी शामिल है:—

(आ) निम्नलिखित मामलों में, अंशदाता या उसके परिवार के सदस्य या उस पर वास्तविक रूप से निर्भर अन्य व्यक्ति की उच्च शिक्षा, जिसमें यात्रा खर्च भी शामिल है, यथा:—

(1) भारत के बाहर हाई स्कूल से उच्च शैक्षिक, तकनीकी, व्यावसायिक या औद्योगिक पाठ्यक्रम की शिक्षा के लिए ; और

(2) भारत में हाई स्कूल से उच्च चिकित्सकीय इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या वैशिष्टिक पाठ्यक्रम के लिए, बशर्ते कि अध्ययन का पाठ्यक्रम तीन वर्षों से कम अवधि का न हो।

(इ) अंशदाता के या उसके बच्चे या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित अन्य व्यक्ति की सगाई, या शादी या, अंतिम संस्कार या अन्य समारोहों के अनिवार्य खर्चों के भुगतान के लिए जो दाता को हैसियत के अनुरूप संप्रदायों के कारण करने पड़ते हैं, बशर्ते वास्तविक रूप से आश्रित होने की शर्तें अंशदाता की बेटी या बेटे पर लागू नहीं होगी।

आगे शर्त कि वास्तविक रूप से आश्रित होने की शर्त अंशदाता के जन्मदाताओं के अंतिम संस्कार के खर्चों के आवश्यक अग्रिम पर लागू नहीं होगी।

(ई) अंशदाता या उसके परिवार के किसी सदस्य या उस पर आश्रित अन्य व्यक्ति द्वारा या के खिलाफ दायर कानूनी कार्यवाहियों का खर्च उठाने के लिए, इस मामले में, इसी प्रयोजन के लिए अन्य किसी स्रोत के अतिरिक्त, [illegible]

बशर्ते कि इस खंड के अधीन अग्रिम अंशदाता को अनुमत्य नहीं होगा, यदि वह किसी न्यायालय में अपने कार्यालयीन कार्य से संबंध न रखने वाले मामले में या बोर्ड के खिलाफ किसी सेवा-शर्त या उस पर लगाए दंड के संबंध में मुकदमा दायर करे।

(ङ) उसके द्वारा कथित रूप से किये गये कार्यालयीन कदाचरण संबंधी जांच के दौरान यदि अंशदाता ने अपने बचाव के लिए वकील को नियुक्त किया है तो, वह खर्च उठाने के लिए;

(ऊ) प्लॉट खरीदने के लिए या अपने वास के लिए आवास फ्लैट निर्माण के लिए या राज्य आवास बोर्ड या सहकारी गृह निर्माण समिति से फ्लैट या प्लॉट के आबंटन के संबंध में भुगतान के लिए :

(2) किसी अंशदाता को खंड (1) में रखी गई सीमा से अधिक अग्रिम मंजूर नहीं किया जाएगा—विशिष्ट कारणों को छोड़कर जिनका उल्लेख लिखित रूप से किया जाना चाहिए—या जब तक पिछले अग्रिम की अंतिम किस्त की अदायगी करने तक नया अग्रिम मंजूर नहीं किया जाएगा।

(3) यदि पिछले अग्रिम की अंतिम किस्त की अदायगी पूर्ण होने से पहले कोई अग्रिम खंड (2) के अधीन मंजूर किया जाए तो, इस अग्रिम में पहले अग्रिम की शेष राशि जोड़ी जाएगी, और समेकित राशि के अनुसार वसूली की किस्तें तय की जाएंगी।

टिप्पणी: (1) इस खंड 5 के प्रयोजनार्थ वेतन में वेतन और अनमत्य हो, तो मंहगाई वेतन शामिल है।

(2) विनियम 13 के खंड (1) के (आ) के अधीन अंशदाता को हर छः महीने में एक बार अग्रिम लेने की अनुमति होगी।

14. अग्रिमों की वसूली: (1) अग्रिम की वसूली, मंजूर करने वाले प्राधिकारी के निदेशानुसार अंशदाता से समान मासिक किस्तों में की जाएगी किन्तु ये किस्तें यदि अंशदाता नहीं चाहता है बारह से कम और चौबीस से अधिक नहीं होंगी। विशिष्ट मामलों में, विनियम 13 के खंड (2) के अधीन अंशदाता के तीन महीने से अधिक अग्रिम की राशि हो तो मंजूर करने वाला प्राधिकारी इन किस्तों की संख्या चौबीस से ज्यादा तय कर सकता है मगर किसी हालत में छत्तीस से ज्यादा नहीं होगी। अंशदाता, अपनी इच्छा से, महीने में एक से ज्यादा किस्तें चुका सकता है। किस्त पूर्ण रुपयों की संख्या में होगी और इस तरह किस्तों के निर्धारण की सहूलियत के लिए अग्रिम की राशि बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

(2) अंशदानों की वसूली के लिए विनियम 11 में निर्धारित रूप में वसूली की जाएगी और जिस महीने में अग्रिम निकाला गया हो उसके अगले महीने से शुरु होगी। जब अंशदाता जीवन-निर्वाह अनुदान पा रहा हो या औसत वेतन को छोड़ अन्य प्रकार की छुट्टी या जो 30 दिन से कम अवधि की अर्जित छुट्टी पर हो तो, अंशदाता के मान लेने पर ही वसूली की जा सकती है, अन्यथा नहीं। अंशदाता के लिखित अनुरोध पर मंजूर करनेवाले प्राधिकारी द्वारा अंशदाता को मंजूर वेतन अग्रिम की वसूली स्थगित की जा सकती है।

(3) अंशदाता को यदि अग्रिम की मंजूरी दी गई हो और वह आहरित की गई हो और प्रतिसंदाय के पूर्ण होने के पहले, वह अस्वीकृत हो जाए, निकाली गई पूरी या उसकी शेष राशि का प्रतिसंदाय अंशदाता द्वारा तुरंत करना होगा, चूक जाने पर सचिव द्वारा आदेश जारी किया जाएगा कि अंशदाता की परिलब्धियों से एकमुश्त या मासिक किस्तों में, जो बारह से ज्यादा नहीं होंगी, काटी जाए, जैसे कि विनियम 13 के खंड (2) के अधीन अपेक्षित विशेष कारणों के होने पर अग्रिम मंजूर करने के सक्षम प्राधिकारी निर्देश देते हैं।

(4) इस विनियम के अंतर्गत की गई वसूलियां, निधि में अंशदाता के खाते में जमा जिस प्रकार की जाती है, उसी प्रकार जमा की जाएंगी।

15. अग्रिमों का अनुचित उपयोग: इन विनियमों में होने हुए भी विनियम 13 के अधीन निधि से निकाली गई राशि का उपयोग, जिस प्रयोजन के लिए मंजूर की गई हो, उससे भिन्न प्रयोजन के लिए किया गया है, ऐसा मंजूर करनेवाले प्राधिकारी को कारण सहित लगे, तो वह अंशदाता को अपने शक की सूचना देगा और उससे यह अपेक्षा करेगा कि वह ऐसी सूचना प्राप्ति के पंद्रह दिन के अंदर स्पष्ट करे कि धन की निकासी के लिए दिए गए प्रयोजन के लिए उसका उपयोग किया गया है या नहीं उक्त पंद्रह दिन की अवधि में अंशदाता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण से मंजूर करने वाले प्राधिकारी संतुष्ट न हों तो वह अंशदाता को निर्देश देगा कि वह उक्त राशि निधि में तुरन्त संदाय करे या चूकने पर अंशदाता की परिलब्धियों में से वह छुट्टी पर हो तो भी एक मुश्त कटौती द्वारा, राशि की वसूल करने का आदेश देगा, यदि प्रतिसंदाय की राशि अंशदाता की परिलब्धियों के आधे से अधिक हो तो वसूलियां परिलब्धियों में से मासिक किस्तों में पूरी राशि अदा होने तक की जाएगी।

टिप्पणी:—इस विनियम में "परिलब्धियों" में जीवन-निर्वाह अनुदान शामिल नहीं है।

16. निधि से निकासियां: (1) विनियम 13 के खंड (2) के अधीन अध्यक्ष किसी भी समय यहां निर्दिष्ट शर्तों पर निकासियों की मंजूरी दे सकते हैं।

(अ) अंशदाता द्वारा बीस वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर (यदि हो, तो अवरत अवधि सहित) या उसके अधिवर्षिता प्राप्त करने के कारण सेवा निवृत्ति की तारीख से दस वर्ष पहले, जो भी पहले हो, निधि में उसके खाते में जमा राशि से, निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए यथा:—

(क) अंशदाता के या उसके बच्चे के, जहां आवश्यक हो यात्रा खर्च, उच्च शिक्षा का खर्च उठाने के लिए निम्नलिखित मामलों में, यथा—

(i) भारत के बाहर शैक्षिक, तकनीकी, व्यावसायिक या औद्योगिक पाठ्यक्रम जो हाई स्कूल श्रेणी से ऊपर से हों; और

(ii) भारत में हाई स्कूल के ऊपर के चिकित्सा, इंजीनियरी या अन्य तकनीकी या विशेष पाठ्यक्रम के लिए;

(ख) अंशदाता या उसके बेटे या बेटियों की और उस पर वास्तविक रूप से आश्रित अन्य महिला संबंधियों की सगाई या शादी-संबंधी खर्च उठाने के लिए;

(ग) अंशदाता और उसके परिवार के सदस्यों या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित अन्य व्यक्ति की अस्वस्थता, यदि आवश्यक हो, तो यात्रा खर्च सहित, से संबंधित खर्च उठाने के लिए;

(आ) अंशदाता द्वारा दस वर्षों की सेवा पूर्ण करने पर, (यदि हो) अवरत अवधि सहित) या अधिवर्षिता प्राप्त होने के कारण सेवा निवृत्त होने की तारीख से दस वर्ष पूर्व, निधि में, अंशदाता के खाते में जमा राशि में से निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए यथा:—

(क) अपने लिए उचित आवास के निर्माण या बने हुए मकान, फ्लैट हासिल करने के लिए, जिसमें साइट की लागत भी शामिल है;

(ख) अपने लिए उचित आवास के निर्माण या बने हुए मकान या फ्लैट हासिल करने के लिए व्यक्त रूप से लिए गए ऋण की बकाया रकम की अदायगी के लिए;

(ग) अंशदाता द्वारा पहले से हासिल किए हुए मकान या फ्लैट के विस्तरण या उसमें परिवर्तन के लिए;

(घ) अपने लिए मकान निर्माण करने हेतु साइट खरीदने या इस खरीदी के लिए व्यक्त रूप से लिए गए ऋण की बकाया राशि की अदायगी के लिए;

(ङ) अपने ड्यूटी-स्थल से भिन्न स्थान पर के पुराने मकान या ड्यूटी स्थल से भिन्न स्थान पर के सरकारी सहायता से निर्मित मकान के नवीकरण, विस्तरण या परिवर्तन के लिए,

(च) खंड (इ) के अंतर्गत खरीदे गए साइट में मकान निर्माण के लिए;

(छ) अंशदाता की सेवा निवृत्ति की तारीख से पूर्व छः महीने की अवधि में कृषि भूमि या व्यावसायिक आवरण या दोनों को हासिल करने के प्रयोजन के लिए अंशदाता के खाते में निधि में जमा राशि से।

टिप्पणी:—(1) ऐसे अंशदाता जिसने निर्माण व आवास मंत्रालय की योजना के अंतर्गत आवास-निर्माण के प्रयोजन के लिए अग्रिम प्राप्त किया है, या अन्य सरकारी स्रोतों से ऐसी सहायता पायी है, वह उप खंड (आ) के अधीन उपखंड (क), (ग), (घ), (इ) और (च) के अधीन अंतिम निकासी की मंजूरी का हकदार होगा/होगी, जिनके प्रयोजन वहां निर्दिष्ट है और पूर्वोक्त योजना के अधीन लिए गए ऋण के प्रति संदाय के लिए हैं, बशर्ते कि विनियम 17 के खंड (i) के अनुबन्ध में निर्दिष्ट सीमा में हों।

यदि अंशदाता क. पुराना मकान है या अपने ड्यूटी स्थान से भिन्न स्थान पर सरकारी सहायता से लिए ऋण से निर्मित मकान है तो वह खंड (आ) के उपखंड (क), (ग) और (च) के अधीन अंतिम निकासी की मंजूरी का हकदार होगा/होगी, जो मकान के साइट, खरीदने या और एक मकान निर्माण के लिए होगा, जो उसके ड्यूटी स्थान से भिन्न स्थान पर हो।

(2) खंड (आ) के उपखंड (क), (इ) और (च) के अधीन निकासियां तभी मंजूर की जाएंगी, जब अंशदाता ने, किए जाने वाले या निर्माण विस्तरण या परिवर्तनों के नक्शे स्थानीय नगरपालिका द्वारा विधिवत अनुमोदन कराके प्रस्तुत किया है, जहां वह साइट या मकान स्थित है और केवल ऐसे मामलों में जिनमें नक्शे वस्तुतः अनुमोदित कराए गए हैं।

(3) खंड (आ) के उपखंड (ब) के अधीन निकासी की राशि आवेदन की तारीख को खाते में शेष राशि के 3/4 भाग से अधिक नहीं होगी, जिसमें, उपखंड (ख) के अधीन निकाली गई पिछली राशि भी शामिल है और उनमें से पिछली निकासी की राशि घटाई गई हो। इसका वैज्ञानिक सिद्धांत होगा: उस तारीख का शेष धन (+) पिछली निकासियों की राशि जो इस मकान के लिए हो (ऋण) (−) पिछली निकासियों की राशि।

(4) खंड (आ) के उपखंड (क) या (घ) के अधीन निकासी भी अनुमत्य होगी यदि मकान या मकान साइट पत्नी या पति के नाम हो बशर्ते कि वह अंशदाता द्वारा किए गए नामांकन में भविष्य निधि धन पाने वाला प्रथम नामांकित हो।

(5) इस विनियम के अधीन एक प्रयोजन के लिए एक ही निकासी अनुमत्य होगी। लेकिन अलग बच्चों की शादी या शिक्षा अलग अवसरों पर अस्वस्थता या मकान या फ्लैट में पुनः विस्तरण या परिवर्तन जो कि उस क्षेत्र के म्युनिसिपल निकाय द्वारा विधिवत अनुमोदित नये नक्शे में है, जिसमें मकान या फ्लैट स्थित है, एक ही प्रयोजन नहीं माने जाएंगे। खंड (आ) के अधीन उपखंड (क) या (च) के अधीन दूसरी या परवर्ती निकासियां उसी मकान का पूरा करने के लिए टिप्पणी 3 में दी गई सीमा तक अनुमत्य होंगी।

6. यदि विनियम 13 के अधीन उसी प्रयोजन के लिए उसी समय अग्रिम मंजूर हो रहा हो तो इस विनियम के अधीन निकासी मंजूर नहीं की जाएगी।

(2) विनियम 16 के अधीन निधि से निकासी को अनुमत अंशदाता मंजूर करने वाले प्राधिकारी को उस प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट संक्षिप्त अवधि में, इस बात से संतुष्ट करेगा कि जिस प्रयोजन के लिए राशि निकाली गई हो, उसी के लिए विनियोग की गई है, अन्यथा, इस तरह निकाली गई राशि की पूरी रकम या जिस प्रयोजन से निकाली गई हो उसके लिए विनियोग न की गई उतनी राशि, सुरंत एकमुश्त रूप से प्रतिसंदाय की जाए और ऐसा न करने पर मंजूर करने वाले प्राधिकारी द्वारा अंशदाता को परिलब्धियों से वसूल करने का आदेश दिया जाएगा। यह वसूली एकमुश्त रूप में या ऐसे मासिक किस्तों में होगी जैसे कि सचिव या अध्यक्ष द्वारा निर्धारित होगी।

17. निकासी के लिए शर्तें:—(1) विनियम 16 में निर्दिष्ट एक या अधिक प्रयोजनों के लिए निधि से अंशदाता के खाते में जमा राशि से किसी एक समय उसके द्वारा निकाली गई राशि सामान्यतया जमा राशि के आधे या उसके छः महीने के वेतन से जो भी लागू हो, अधिक नहीं होगी किन्तु, मंजूर करने वाला प्राधिकारी इस सीमा से अधिक रकम की अंशदाता के खाते में शेष राशि का 3/4 तक मंजूर दे सकता है, इस बात का ध्यान रखते हुए कि (i) निकासी का उद्देश्य क्या है, (ii) अंशदाता का स्थान, मान और (iii) निधि में उसके खाते में जमा राशि कितनी है।

बशर्ते कि किसी हालत में विनियम 16 के उप विनियम (आ) में निर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए निकासी की महत्तम राशि, आवास निर्माण प्रयोजनों के लिए निर्माण व आवास मंत्रालय की योजना के नियम 2(क) और 3 (ख) के अधीन समय-समय पर नियत महत्तम सीमा से अधिक नहीं होगी।

आगे बशर्ते कि ऐसे अंशदाता के मामले में जिसने निर्माण व आवास मंत्रालय से मकान के निर्माण के प्रयोजनों के लिए अग्रिमों की मंजूरी की योजना के अधीन अग्रिम लिया हो, या इस संबंध में किसी अन्य सरकारी स्रोत से सहायता ली हो तो इस उपविनियम के अधीन निकाली गई राशि, उपरोक्त योजना अधीन राशि या अन्य किसी सरकारी स्रोत से ली गई राशि सहित उपरोक्त योजना के नियम 2 (क) और (ख) में समय-समय पर नियत महत्तम राशि से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी:—विनियम 16 के उप विनियम (आ) के खंड (क) के अधीन अंशदाता को मंजूर निकासी, किस्तों में की जा सकती है, जिनकी संख्या मंजूरी की तारीख से 12 कैलेंडर माहों में मंजूरी की तारीख से चार से अधिक नहीं होगी।

(2) यदि अंशदाता को दिल्ली विकास प्राधिकरण या राज्य आवास बोर्ड या आवास निर्माण सहकारी समिति द्वारा निर्मित मकान या फ्लैट की या साइट या मकान या फ्लैट की खरीदी के लिए किस्तों की अदायगी करनी हो तो, जब-जब उससे ऐसी किस्तें अदा करनी होती हैं, तब निकासी की अनुमति दी जा सकती है। विनियम 17 के उप नियम (1) के प्रयोजन के लिए, ऐसी हर अदायगी अलग प्रयोजन के लिए अदायगी मानी जाएगी।

(3) यदि मंजूर करने वाला प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट होता है कि निधि में अंशदाता के खाते में जमा राशि अपर्याप्त है और निकासी के बगैर अपनी जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता तो अपनी जीवन बीमा पालिसी में अर्थ प्रबंध के लिए निधि से अंशदाता द्वारा पहले निकाली गई रकम को, इस विनियम में नियत सीमा के प्रयोजन के लिए, अंशदाता के खाते में वास्तविक रूप से जमा राशि में वृद्धि के रूप में गिना जा सकता है। इस तरह अनुमत्य निकासी की रकम निर्धारित होने के बाद

(i) यदि इस तरह निर्धारित रकम, जीवन बीमा पालिसी के अर्थ प्रबंध के लिए पहले से निकाली गई राशि से अधिक हो तो इस तरह निकाली गई राशि को अंतिम निकासी मानी जाए और ऐसे मानी गई राशि एवम् अनुमत्य निकासी का कुल राशि में अंतर, यदि हो, तो, उसे नकद रूप से अदा किया जाए; और

(ii) यदि ऐसे निर्धारित रकम जीवन बीमा पालिसी के अर्थप्रबंध के लिए निधि से पहले ही निकाली गई रकम से अधिक न हो तो, इस तरह निकाली गई राशि को, उपविनियम (i) में निर्दिष्ट सीमा के होते हुए भी अंतिम निकासी माना जाए।

उपर्युक्त प्रयोजन के लिए, लेखा अधिकारी पालिसी या पालिसियों को अंशदाता या अंशदाता और संयुक्त बीमाकृत को, जो भी हो, पुनः सौंपेगा और अंशदाता को हस्तांतरित कर देगा जो उसका उपयोग उस प्रयोजन के लिए करने को मुक्त होगा जिसके लिए वह मुक्त की गई हो।

(2) विनियम 16 के अधीन निधि से निकासी को अनुमत अंशदाता मंजूर करने वाले प्राधिकारी को, उस प्राधिकारी द्वारा निर्दिष्ट संगत अवधि में इस बात से संतुष्ट करेगा कि जिस प्रयोजन के लिए राशि निकाली गई हो, उसी के लिए विनियोग की गई है, अन्यथा इस तरह निकाली गई पूरी राशि या जितनी राशि निकाली गई है, उतनी तुरंत एकमुश्त रूप में निधि में अंशदाता द्वारा प्रतिसंदाय की जाए और ऐसा न करने पर मंजूर करने वाले प्राधिकरी द्वारा अंशदाता की परिलब्धियों से वसूल करने का आदेश दिया जाएगा । यह वसूली एकमुश्त रूप में या ऐसी मासिक किस्तों में होगी जैसे अध्यक्ष द्वारा निर्धारित हुई हों ।

बशर्ते कि इस विनियम के अधीन निकासी के प्रतिसंदाय को लागू करने से पहले अंशदाता को लिखित रूप में और सूचना की प्राप्ति के पंद्रह दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का मौका दिया जाएगा कि क्यों न प्रतिसंदाय लागू किया जाए, और यदि मंजूरकर्ता प्राधिकारी स्पष्टीकरण से संतुष्ट न हो या उक्त पंद्रह दिन के अंदर स्पष्टीकरण अंशदाता द्वारा प्रस्तुत न किया जाए, तो मंजूरकर्ता प्राधिकरी इस उपविनियम में नियत रीति से प्रतिसंदाय लागू करेगा ।

(3) (क) विनियम 16 के उपविनियम (आ) के उपखंड (क) (ख) या (ग) के अधीन अंशदाता को उसके खाते में जमा राशि निकालने की अनुमति दी गई हो, तो वह ऐसे निकाली गई रकम से निर्मित या खरीदे गए मकान या मकान-साइट का क्रय, बंधक, (अध्यक्ष का बंधक के सिवा) भेंट, विनिमय या अन्य किसी रूप में अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना किसी को कब्जा नहीं देगा ।

बशर्ते कि ऐसी अनुमति की आवश्यकता निम्नलिखित मामलों में नहीं होगी :

(i) यदि मकान या मकान-साइट तीन वर्षों की अवधि से अधिक के लिए पट्टे पर दिया गया हो, या :

टिप्पणी:—स्थानांतरणों में केन्द्र सरकार के किसी विभाग या राज्य सरकार के अधीन बिना अवरोध के और बोर्ड से उचित अनुमति से नया पद ग्रहण करने के लिए दिए त्यागपत्र भी शामिल होंगे । सेवा में अवरोध के मामलों में सेवा अवरोध अन्य स्थानों पर स्थानांतरण होने पर अनुमत्य कार्यग्रहण अवधि तक ही सीमित होगा ।

स्पष्टीकरण-III:—ऐसे अंशदाता के मामले में जिसका स्थानांतरण, बिना अवरोध के, सरकार के स्वामित्व व नियंत्रणाधीन निगमित निकाय या समितियों के पंजीकरण अधिनियम 1860, के अधीन पंजीकृत स्वायत्त संगठन में होता है तो, अंशदानों की राशि, ब्याज सहित, उसे अदा नहीं की जाएगी, किन्तु उस निकाय की सम्मति से उस निकाय के अधीन भविष्य निधि के नए खाते में स्थानांतरित की जाएगी । स्थानांतरणों में, सरकार के स्वामित्व व नियंत्रणाधीन निगमित निकाय या समितियों के पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत स्वायत्त संगठनों में नियुक्ति प्राप्त करने के लिए सेवा से त्यागपत्र के ऐसे मामले शामिल हैं जो अवरोध सहित और बोर्ड से उचित अनुमति प्राप्त हों ।

नया पद ग्रहण करने के लिए लिया गया समय, यदि एक पद से दूसरे पद पर स्थानांतरण होने पर सरकारी कर्मचारी को अनुमत्य कार्यग्रहण अवधि से ज्यादा न हो तो सेवा में अवरोध नहीं माना जाएगा ।

टिप्पणी:—स्पष्टीकरण III की शर्तों के अनुसार, यदि अंशदाता बिना अवरोध के, सरकार स्वामित्व व नियंत्रणाधीन निगमित निकाय में स्थानांतरित होता है तो अंशदानों और उन पर ब्याज सहित राशि उसे अदा नहीं की जाएगी बल्कि उस निकाय की सम्मति से उस निकाय की भविष्य निधि के उसके नए खाते में अंतरित की जाएगी ।

(ii) वह आवास बोर्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक, जीवन बीमा निगम या भारत सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण के किसी अन्य निगम के पास बंधक रखा जा रहा हो, जो नए मकान के निर्माण या वर्तमान मकान में सुधार या परिवर्तन के लिए ऋण देते हैं ।

(ख) अंशदाता मंजूर-कर्ता प्राधिकारी के समक्ष प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर से पहले पत्र प्रस्तुत करेगा जिसमें बताया कि मकान या मकान-साइट जो भी हो, उसके कब्जे में है या बंधक रखा गया है, अन्यथा अंतरित है किराए पर दिया गया है, जैसे पहले बताया गया है और यदि ऐसा कहा गया हो तो मंजूरकर्ता के सम्मुख उसके द्वारा निर्दिष्ट तारीख के पहले मूल क्रय पत्र, बंधक या पट्टे का अधिकार, पेश करेगा और संपत्ति पर उसका अधिकार जिन कागजातों पर आधारित हो उन्हें भी पेश करेगा ।

(ग) यदि, उसकी सेवा निवृत्ति से पहले किसी समय अध्यक्ष की पूर्व अनुमति के बिना अंशदाता, मकान या मकान-साइट का कब्जा किसी को दे देता है तो अंशदाता, निधि को, तुरंत ऐसी निकासियों की रकम का प्रतिसंदाय करेगा, और इसमें चूक जाने पर, मंजूरकर्ता प्राधिकारी अंशदाता को इस मामले में अभ्यावेदन करने का संगत मौका देने के बाद, अंशदाता की परिलब्धियों से, एकमुश्त या प्राधिकारी द्वारा निर्धारित मासिक किस्तों में, उक्त रकम की वसूली कराएगा ।

टिप्पणी:—अंशदाता ने सरकार से ऋण लेने के बदले में मकान या मकान-साइट सरकार के बंधक रखा है तो उससे अपेक्षित है कि वह निम्नांकित रूप में घोषणा-पत्र पेश करेगा, यथा:—

"मैं एतद्द्वारा प्रमाणीकृत करता हूं कि भविष्य निधि से अंतिम निकासी लेकर मैंने जो मकान या मकान-साइट हासिल किया था वह मेरे कब्जे में है किन्तु सरकार के पास बंधक है।"

18. अग्रिम का निकासी में परिवर्तन:—विनियम 16 के उपखंड (1) में निर्दिष्ट किसी प्रयोजन के लिए अंशदाता ने विनियम 13 के अधीन जो अग्रिम लिया हो या भविष्य में लेगा, उसे वह अपनी मर्जी से सचिव को लिखित रूप से अनुरोध करके, अपने खाते में जमा शेष को ध्यान में रखते हुए अंतिम निकासी में परिवर्तित कर सकता है, किंतु इसके लिए विनियम 16 और 17 में निर्दिष्ट शर्तों को उसे पूरा करना होगा ।

19. निधि में संचयित की अंतिम निकासी:—जब अंशदाता सेवा विमुक्त होता है निधि में उसके खाते में जमा राशि उसे देय हो जाएगी।

बशर्तें कि ऐसे अंशदाता जो सेवा से बर्खास्त किया गया हो और बाद में बहाल किया गया हो यदि बोर्ड उससे यह अपेक्षा करता है कि वह इस विनियम के अनुसार उसे भुगतान की गई रकम का प्रतिसंदाय करे तो वह विनियम 20 में निर्दिष्ट रीति से विनियम 12 में बताई दर पर ब्याज सहित उस रकम का प्रतिसंदाय करेगा। इस तरह वसूली गई राशि निधि में उसके खाते में जमा की जाएगी ।

स्पष्टीकरण I:—ऐसे अंशदाता को, जिसे बाह्य सेवा निवृत्ति की तारीख से या सेवा विस्तरण की समाप्ति के बाद, सेवा विमुक्त माना जाएगा जिसे छुट्टी प्रदान या अस्वीकृत की गई हो ।

स्पष्टीकरण-II:—अनुबंध पर नियुक्त या सेवा से निवृत्त और बाद में अवरत या अनवरत सेवा सहित पुनर्नियुक्त को छोड़कर ऐसे अंशदाता को सेवा विमुक्त नहीं माना जाएगा, जब वह अनवरत सेवा सहित राज्य सरकार या केन्द्र सरकार के किसी विभाग में (जहां उस पर अन्य भविष्य निधि नियमावली लागू होती है) नए पद पर और अपने पूर्व पद से कोई संबंध रखे बिना स्थानांतरित होता है, तो ऐसे मामले में उसके अंशदान, ब्याज सहित निम्नांकित में जो भी लागू हो, खाते में अंतरित किए जाएं:—

(क) यदि वह केन्द्र सरकार के किसी अन्य विभाग में नया पद हो तो, उस निधि के विनियमों के अनुसार उस निधि के उसके खाते में या

(ख) संबंधित राज्य सरकार या केन्द्र सरकार मान ले तो अंशदान और ब्याजों के अंतरण के लिए सामान्य या विशेष आदेश द्वारा उस राज्य या केन्द्र सरकार के नए खाते में ।

ऊपर निर्दिष्ट प्रकार के मामलों में विनियम 12 के खंड (4) के प्रावधानों के अनुसार ब्याज दिया जाएगा, यह समझकर कि बोर्ड का कर्मचारी सेवा छोड़ रहा है । इन विनियमों की शर्तों के अनुसार भविष्य निधि के शेषों पर संचयित राशि के देय हो जाने के बाद वाले महीने से छटे महीने के अंत तक ब्याज दिया जाएगा, इनमें से जो भी अवधि कम हो । इसीलिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऐसे मामलों में निधि शेषों का अंतरण संबंधित व्यक्तियों के स्थानांतरण के छः महीने के पहले ही यथाशीघ्र किया जाता है ।

20. अंशदाता की सेवा निवृत्ति:—जब अंशदाता (क) सेवा निवृत्ति प्रारंभिक छुट्टी पर गया है या (ख) या छुट्टी पर है या सेवानिवृत्ति की अनुमति उसे दी गई है या सक्षम प्राधिकारी द्वारा आगे सेवा के लिए अयोग्य घोषित किया गया हो, तो निधि में उसके खाते में जमा राशि, उसके द्वारा सचिव को इस संबंध में आवेदन करने पर अंशदाता को देय होगी ।

बशर्ते कि यदि अंशदाता ड्यूटी पर लौट आता है, बोर्ड अन्यथा निर्णय नहीं करता, तो निधि में जमा करने के लिए उसे निधि से अदा की गई राशि, विनियम के अनुसार प्रतिसंहाय करेगा और विनियम 12 में उल्लिखित ब्याज देगा । यह प्रतिसंहाय नकद या प्रतिभूतियों में, या भागशः नकद और भागशः प्रतिभूतियों के रूप में या अन्य रूप में, जैसे अग्रिमों के मंजूर करने के सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्देश दिया जाए, जिसकी मंजूरी के लिए विनियम 13 के खंड (2) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित है ।

21. अंशदाता की मृत्यु होने पर प्रक्रिया :—अंशदाता के खाते में जमा राशि के देय होने से पहले या देय होने के बाद अदा होने से पहले, अंशदाता की मृत्यु होने पर:—

(1) जब अंशदाता के पीछे परिवार है—

(क) अंशदाता द्वारा ऐसा नामांकन है, जो विनियम 6 के प्रावधानों के अनुसार या एतद् पूर्व का कोई नियम/विनियम लागू होते है, तो उसके अनुसार, अपने परिवार के सदस्य/सदस्यों के पक्ष में नामांकन किया गया है, तो निधि में उसके खाते में जमा राशि या/उसका भाग जिससे नामांकन संबंधित है, उसके नामांकित/तों को, नामांकन में निर्दिष्ट अनुपात में देय होगी,

(ख) अंशदाता के परिवार के सदस्य या सदयों के पक्ष में नामांकन नहीं है या वह नामांकन निधि में उसके खाते में जमा राशि के एक भाग से संबंधित है तो पूरी राशि या उसका भाग जिससे नामांकन संबंधित नहीं है, जो भी हो, किसी व्यक्ति या व्यक्तियों, जो परिवार का/के सदस्य नहीं है, के पक्ष में नामांकन हैं, कहे जाने पर भी, अंशदाता के परिवार के सदस्यों को समान भागों में देय होगी ।

बशर्ते कि कोई धारा निम्नांकित को देय होगा:

(1) वयस्कता प्राप्त बेटे,

(2) मृत बेटे के बेटे, जिन्होंने वयस्कता प्राप्त की है,

(3) विवाहित बेटियां, जिनके पति जीवित हैं,

(4) मृत बेटे की विवाहित पत्नियां, जिनके पति जीवित हैं ।

यदि उपखंड (1) (2) (3) और (4) में निर्दिष्ट के अलावा परिवार का कोई सदस्य नहीं है तो:

(i) आगे बशर्ते कि मृत बेटे का विधवा या विधवाओं और बच्चा या बच्चों को उतने भाग के समान भागों में प्राप्त होगा जितने के अंशदाता के मरने के बाद उस, बेटे को उसके जीवित होने पर, और खंड (1) के प्रथम अनुबंध के प्रावधानों से छूट मिलने पर मिलता ।

(ii) अंशदाता के पीछे कोई परिवार न हो, तो उसके द्वारा विनियम 6 के प्रावधानों के अनुसार या एतद्पूर्व संबंधित विनियम के अधीन किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में किया गया नामांकन है, तो अंशदाता के खाते में निधि में जमा राशि या उसका भाग जिससे नामांकन संबंधित है, नामांकन में निर्दिष्ट अनुपात में उसके नामांकित को, देय होगा ।

22. निधि में की राशि के अदा करने की रीति:—

(1) जब अंशदाता के खाते में जमा राशि हो जाती देय हो, तो अभिरक्षक का यह कर्तव्य होगा कि इस संबंध में खंड (3) में दर्शाए गए रूप में लिखित आवेदन मिलने पर, उसे अदा करें ।

(2) इन विनियमों के अंतर्गत जिस व्यक्ति को कोई राशि अदा करनी हो, वह यदि विकृत है, जिसकी संपदा के लिए भारतीय पागलपन अधिनियम 1912 के अधीन, इस संबंध में, प्रबंधक नियुक्त किया गया है, तो उस प्रबंधक को अदा की जाएगी, न कि उस पागल को ।

(3) इस विनियम के अंतर्गत अदायगी के दावे के इच्छुक व्यक्ति इस संबंध में सचिव को लिखित आवेदन भेजेगा । निकासी की रकमों की अदायगी भारत में ही होगी । ऐसे व्यक्ति जिन्हें रकमें देय हों भारत में अदायगी प्राप्त करने का अपनी ओर से प्रबंध करेंगे ।

टिप्पणी:—अंशदाता के खाते में जमा राशि के विनियम 19, 20 या 21 के अधीन देय हो जाने पर सचिव तुरंत अदायगी का प्राधिकार देगा जो कि अंशदाता के खाते में जमा ऐसी राशि के संबंध में हो, जिनके बारे में कोई विवाद या संदेह नहीं है शेष का यथा तत्पश्चात् समायोजित किया जाए ।

23. सरकार के स्वामित्व या नियंत्रणाधीन निगमित निकायों बोर्ड की सेवा में व्यक्तियों की सेवा का स्थानांतरण होने पर प्रक्रिया:—

निधि के प्रयोजन के लिए बाध्यित बोर्ड का कोई कर्मचारी, सरकार केसे स्वामित्व या नियंत्रणाधीन निगमित निकाय, या समितियों के पंजीकरण अधिनियम 1860 के अधीन पंजीकृत स्वायत्त संगठन राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की भविष्य निधि का अंशदाता रहा हो, उसके अंशदानों की राशि और नियोक्ता का अंशदान यदि हो, उस पर ब्याज सहित, निकाय या सरकार की सम्मति से, निधि में अंशदाता के खाते में अंतरित की जाएगी ।

यदि निधि का अंशदाता अंशदायी भविष्य निधि (भारत) के प्रयोजन हेतु दाखिल किया जाता है तो उसके अंशदानों की राशि, उस पर ब्याज सहित, अंशदायी भविष्य निधि (भारत) के उसके खाते में अंतरित की जाएगी ।

यदि किसी सरकारी कर्मचारी का स्थाई रूप में स्थानांतरण बोर्ड के अधीन वैधानिक सेवा में किया जाता है तो राज्य रेजर्व भविष्य निधि या केन्द्र सरकार की अन्य अंशदायी भविष्य निधि या राज्य अंशदायी भविष्य निधि का अंशदाता है, तो उस अन्य सरकार की सम्मति से चाहता है कि

(i) उसके उस अन्य अंशदायी भविष्य निधि में उसके स्थानांतरण की तारीख को जमा अंशदाता और उस पर ब्याज की राशि का अंतरण बोर्ड का भविष्य निधि के खाते में किया जाए,

(ii) सरकार के अंशदानों की उसके खाते में उस अंशदायी भविष्य निधि में जमा राशि और उस पर ब्याज सहित उस सरकार की सम्मति से यदि हो, केन्द्रीय राजस्व (सिविल) में जमा की जाएंगी और वह तदुपरांत स्थाई स्थानांतरण की तारीख पहले की गई सेवा की, संगत पेंशन नियमों के अधीन अनुमत्य पेंशन गणना का/की हकदार होगा/गी ।

24. विशिष्ट मामलों में विनियमों के प्रावधानों में छूट :

यदि बोर्ड इस बात से संतुष्ट हो कि इन विनियमों के लागू करने से किसी अंशदाता को अनुचित कठिनाई उत्पन्न होती है या होने की संभावना है, तो बोर्ड इन विनियमों में अन्यथा होने पर भी उसे जैसे न्याय-संगत और सम्मत प्रतीत होता है वैसे, अंशदाता के मामले का निपटारा कर सकता है ।

25. अंशदाता को पूर्ति किया जाने वाला लेखाओं का वार्षिक विवरण :
सचिव, हर वर्ष की समाप्ति के यथाशीघ्र, हर अंशदाता को निधि में उसके खाते का ऐसा विवरण भेजेगा, जिसमें वर्ष की पहली अप्रैल को प्रारंभिक शेष, वर्ष में जमा या निकाली गई राशि, वर्ष की 31 मार्च को जमा ब्याज की राशि और उस तारीख को अन्त-शेष दर्शाया गया हो । सचिव, लेखाओं के विवरण के साथ यह भी पूछेगा कि क्या अंशदाता:

(i) विनियम 6 या तद्पूर्व या विनियम के अधीन किए गए नामांकन में परिवर्तन करने का इच्छुक है,

(ii) जहां अंशदाता ने अपने परिवार के किसी सदस्य के पक्ष में विनियम 6 के खंड (i) के अधीन नामांकन नहीं किया हो, तो क्या उसने परिवार प्राप्त किया है। अंशदाता देख लें कि वार्षिक विवरण सही है या नहीं, सही न हो तो विवरण की प्राप्ति से तीन महीने के अंदर सचिव को अशुद्धियों की सूचना दें ।

26. लेखाएं और लेखा परीक्षा : (1) बोर्ड के नारियल विकास बोर्ड सामान्य भविष्य निधि खाता" नाम के खाते की बहियों में इन विनियमों के अधीन इस निधि द्वारा और निधि में की गई अदायगी का लेखा रखना होगा ।

(2) इन रकमों की जांच और लेखा-परीक्षा भारत के नियंत्रक एवम् महालेखाकार द्वारा की जाएगी, जो ऐसे अंतराल पर होगा जैसे कि नारियल विकास बोर्ड अधिनियम, 1979 के अध्याय III का उपधारा (2) में निर्दिष्ट है ।

(3) निधि के खर्चे जहां तक संभव हो, निधि की आय से उठाए जाएंगे । सभी खर्चों के लिए आय पर्याप्त न हो तो नारियल विकास निधि से उठाए जाएंगे ।

(4) निधि की अभिरक्षा एवम् संवितरण नारियल विकास विनियमों (कार्यकलाप, कर्मचारियों की सेवा शर्तें और अनुरक्षण) के अनुसार विनियमित होगा, ठीक उसी रीति से जैसे बोर्ड की निधियों का होता है।

27. निधि का समापन:—निधि का समापन किया जाएगा—

(क) यदि केन्द्र सरकार की अधिसूचना द्वारा बोर्ड को विघटित किया जाता है,

(ख) बोर्ड के संकल्प द्वारा, केन्द्र सरकार से अनुमोदित होने पर ।

28. इन विनियमों में होते हुए भी, केन्द्र सरकार अंशदान की दर में परिवर्तन या सामान्य भविष्य निधि (केन्द्रीय सेवा) नियमावली, 1960 में अग्रिमों और निकासियों से संबंधित प्रक्रियाओं में संशोधन अधिसूचित कर सकता है और ऐसे परिवर्तन बोर्ड के कर्मचारियों पर बाध्यकर होंगे ।

[फा. सं. 273/91-प्र.]

एस. एस. नायर, अध्यक्ष, नारियल विकास बोर्ड

प्रथम अनुसूची

(विनियम 6(3)

अंशदाता का नाम श्री/श्रीमती/कुमारी ....

सा. भ. नि. संख्या ....

नामांकन पंजी., पृष्ठ. सं. ....

नामांकन का प्रपत्र

मैं, श्री/श्रीमती/कुमारी .... एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति/यों को जो नारियल विकास बोर्ड सामान्य भविष्य निधि विनियम, 1988 के विनियम 2 में की परिभाषा के अनुसार मेरे परिवार के सदस्य है,/मेरी मृत्यु हो जाने पर, मेरा खाते में निधि में देय राशि, उस राशि के देय होने पर या देय होने के बाद अदा न की गई हो, प्राप्त करने हेतु नीचे दर्शाए अनुसार नामजद करता/करती हूं ।

नामजद/यों का नाम व पता	अंशदाता से संबंध	नामजद की आयु	हर नामजद को देय भाग	आकस्मिकताएं जिनके घटने पर नामजदगी अवैध हो जाती है इस कालम में मृत्यु की आकस्मिकता	अंशदाता के पहले नामजद की मृत्यु होने पर जिन्हें नामजद का हक मिलते हैं उन व्यक्तियों का नाम	विनियम 2 के प्रावधान के अनुसार नामजद परिवार का सदस्य नहीं है तो कारण दें।

के रूप में न दर्शाया जाए ।
नामांकन मेरी शादी न्यायिक रूप से अलग रहने, तलाक, नामजद के पागल होने या एकांतर नामजदगी पर अवैध हो जाएगा ।

दिनांक ..... 19 ..... को ..... में

(अंशदाता के हस्ताक्षर)

हस्ताक्षर के दो गवाह

1. .....

2. .....

कार्यालय प्रधान के कार्यालय में प्रयोगार्थ

श्री/श्रीमती/कुमारी द्वारा नामांकन : .....

पदनाम : .....

नामांकन प्राप्त होने की तारीख : .....

.....

कार्यालय प्रधान के हस्ताक्षर

पदनाम : .....

तारीख : .....

प्रतिलिपि :

श्री/श्रीमती/कुमारी .....

अंशदाताओं को अनुदेश

(क) अपना नाम लिखें ।

(ख) निधि का नाम यथायोग्य पूर्ण रूप में लिखें ।

(ग) परिवार की परिभाषा नारियल विकास बोर्ड सामान्य भविष्य निधि विनियम में यों है :—

परिवार का अर्थ है :

(1) पुरुष अंशदाताओं के मामले में पत्नी या पत्नियां माता-पिता, बच्चे, अवयस्क भाई, अविवाहित बहनें, मृत पुत्र की विधवा और बच्चे और यदि अंशदाता के माता-पिता जीवित न हों तो, दादा-दादी;

बशर्ते कि यदि अंशदाता यह प्रमाणित करता है कि उसकी पत्नी न्यायिक रूप से पृथक हुई थी या वह उसके समुदाय की पारंपरिक विधि के अधीन जीवन-निर्वाह की हकदार न रही हो, तो इन विनियमों से संबंधित मामलों में पत्नी को तत् पश्चात् अंशदाता के परिवार की सदस्या तब तक नहीं माना जाएगा, जब तक कि बाद में अंशदाता सचिव को लिखित रूप से यह सूचित नहीं करता कि उसे वैसे माना जाए;

(2) स्त्री अंशदाताओं के मामलों में पति, माता-पिता, बच्चे, अवयस्क भाई, अविवाहित बहनें मृत पुत्र की विधवा व बच्चे और यदि अंशदाता के माता-पिता जीवित न हों तो दादा-दादी ।

बशर्ते कि अगर अंशदाता सचिव को लिखित रूप से सूचना देकर इच्छा व्यक्त करे कि उसके परिवार में पति को शामिल न किया जाए, तत् पश्चात् पति को इन विनियमों से संबंधित मामलों में अंशदाता के परिवार का सदस्य तब तक नहीं माना जाएगा जब तक कि, बाद में, अंशदाता लिखित रूप से सूचना को रद्द नहीं करता;

(घ) कॉलम 4 : यदि एक ही व्यक्ति को नामजद किया जाए तो नामजद के सामने पूर्ण रूप से लिखा जाए । यदि एक से अधिक व्यक्तियों को नामांकित किया जाए तो हर नामजद को देय भाग भविष्य निधि की रकम के ऊपर निर्दिष्ट किया जाए ।

(ङ) कॉलम 5 : नामजद की मृत्यु (इस कॉलम में आकस्मिकता के रूप में न दर्शाई जाए)

(च) कॉलम 6 : अपना नाम न दर्शाएं ।

(छ) आखिरी प्रविष्टि के बाद वाली खाली जगह में रेखा खींच दें ताकि आपके द्वारा हस्ताक्षर करने के बाद कोई और नाम न जोड़ा जा सके

भविष्य निधि खाते में बकाया राशि की अंतिम अदायगी के लिए आवेदन पत्र

नारियल विकास बोर्ड की सामान्य भविष्य निधि खाते में की राशि की अंतिम अदायगी अथवा निकायों/निगमों/अन्य सरकारों को अंतरण हेतु आवेदन का प्रपत्र।

सेवा में

अध्यक्ष,
नारियल विकास बोर्ड
एम.जी. रोड,
कोचीन-682 011

महोदय,

मैं दिनांक.....को पूर्वाह्न/अपराह्न में सेवानिवृत्त होने वाला हूं/हो चुका हूं .....माह की सेवा निवृत्ति प्रारंभिकी अवकाश पर हूं/.....को स्थाई रूप से स्थानांतरित हो गया हूं/.....में नियुक्ति प्राप्त करने के लिए बोर्ड को अंतिम रूप से त्यागपत्र दे चुका हूं और मेरा त्यागपत्र स्वीकृत हो चुका है। मैंने दिनांक.....को पूर्वाह्न/अपराह्न को नारियल विकास बोर्ड में कार्यग्रहण किया था।

2. मेरे भविष्य निधि खाते की संख्या.....है।

3. मैं अपने कार्यालय/बैंक.....के माध्यम से भुगतान प्राप्त करना चाहता हूं। मेरी पहचान चिन्ह के विवरण, बाएं हाथ के अंगूठे व अंगुलियों के निशान (अशिक्षित अंशदाता/सदस्य के मामले में) व नमूना हस्ताक्षर (साक्षर अंशदाता के मामले में) विधिवत रूप से राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित दो प्रतियों में संलग्न हैं।

भाग 1

(यदि सेवा-निवृत्ति से एक वर्ष पूर्व अंतिम भुगतान के लिये आवेदन किया जाए तब भरा जाना चाहिए)

4. निवेदन है कि मुझे जारी वार्षिक विवरण के अनुसार (संलग्न) मेरी भविष्य निधि खाते में जमा राशि/आय के द्वारा रखे लेजर में मेरे नाम जमा राशि मुझे अदा करने की व्यवस्था करें।

5. प्रमाणित है कि मैंने निम्नलिखित अग्रिम लिए थे जिनके पुनर्भुगतान स्वरूप.....रु. की.....किस्तें अभी तक निधि के खाते में भरी जानी बाकी हैं।

मैंने निम्न अग्रिम निकासियां ली थीं।

अस्थाई अग्रिम	अन्तिम निकासियां
1.	1. .....
2.	2. .....
3.	3. .....
4.	4. .....

6. प्रमाणित करता हूं, कि मेरे भविष्य निधि खाते में बकाया राशि की प्रथम किस्त प्राप्त होने पर बाकी किस्तों के भुगतान के लिए निर्धारित फार्म के भाग II में आवेदन सेवा-निवृत्त होने के बाद करूंगा।

अंशदाता के हस्ताक्षर.....

नाम व पता.....

कार्यालय प्रधान का प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त सूचनाओं को इस कार्यालय के अभिलेखों से सत्यापित कर दिया गया है और वे सही हैं।

अध्यक्ष

भाग-II

(सेवा निवृत्ति के बाद अंशदाता द्वारा प्रस्तुत किया जाए। यह उन अंशदाताओं पर भी लागू है जो सेवा निवृत्त/कार्यमुक्ति/इस्तीफे की तारीख के बाद पहली बार अंतिम भुगतान के लिए आवेदन करते हैं)

4. अंतिम भुगतान के लिए मेरे दिनांक.....के आवेदन के संबंध में निवेदन है कि मेरे भविष्य निधि खाते में बकाया राशि का भुगतान मुझे किया जाए।

या

निवेदन है कि मेरे नाम जमा, ब्याज सहित संपूर्ण राशि का नियमानुसार भुगतान मुझे किया जाय।.....को अन्तरित कर दिया जाए।

हस्ताक्षर .....

नाम व पता.....

.....

(कार्यालय प्रधान के उपयोग हेतु)

1. वे सेवा निवृत्त हो गए/गई हैं/ · · · · · · · · · · · · · · · · · · माह के सेवा निवृत्ति पूर्व अवकाश पर जाएंगे/जाएंगी/कार्यमुक्त हो चुके/चुकी हैं/ बर्खास्त/स्थाई रूप से · को स्थानांतरित हो गए/गई हैं/उन्होंने बोर्ड की सेवाओं को इस्तीफा देकर · में नियुक्ति पा ली है और उनका इस्तीफा · (दिनांक) पूर्वाह्न/अपराह्न से स्वीकार कर लिया गया है।

2. उनके वेतन से निधि की कटौती, इस कार्यालय में बिल सं · · · · · · · · · · · · · · · · · · दिनांक · · · · · · · · · · · · · को · · · · · · · · · · · · · · · · रु. (· रुपये मात्र) वाउचर सं · दिनांक · · · · · · · · · · · · · · · को की गई थी। कटौती की राशि · रु./थी और अग्रिम के प्रतिसंदाय की वसूली के रूप में · · · · · · · · · · · · · · · · · रु./थी।

3. प्रमाणित किया जाता है कि नारियल विकास बोर्ड की सेवा छोड़ने/सेवा निवृत्ति पूर्व छुट्टी पर जाने की तारीख से 12 माह पूर्व और उसके बाद उन्हें किसी प्रकार का अस्थाई अग्रिम या अंतिम निकासी की मंजूरी नहीं दी गई थी।

अथवा

प्रमाणित किया जाता है कि नारियल विकास बोर्ड की सेवा छोड़ने/सेवानिवृत्ति पूर्व छुट्टी पर जाने की तारीख से 12 माह पूर्व या उसके पश्चात उनके भविष्य निधि खाते में से निम्नलिखित अस्थाई अग्रिम/निकासियां स्वीकृत की गई थीं और आहरित हुई थी।

	अस्थाई अग्रिम/निकासी की राशि	दिनांक	वाउचर संख्या
1.			
2.			
3.			

4. प्रमाणित किया जाता है कि उन्होंने केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी विभाग अथवा राज्य के स्वामित्व अथवा नियंत्रणाधीन निकाय/निगम में नियुक्ति प्राप्त करने के लिए बोर्ड की सेवाओं से इस्तीफे पूर्व अनुमति प्राप्ति की/नहीं की थी।

कार्यालय प्रधान के हस्ताक्षर

फार्म "सी"

अंशदाता के भविष्य निधि खाते में बकाया राशि के अंतिम अदायगी के लिए अंशदाता के नामांकिती अथवा नामांकन न होने पर किसी अन्य दावेदार द्वारा प्रस्तुत करने के लिए आवेदन पत्र।

सेवा में

सचिव,
नारियल विकास बोर्ड
एम.जी. रोड,
कोचीन-682 011

महोदय,

निवेदन है कि श्री/श्रीमती/कुमारी · के सामान्य भविष्य निधि खाते में संचित राशि की अदायगी की व्यवस्था करें। इस संबंध में आवश्यक विवरण इस प्रकार हैं :—

1. बोर्ड के कर्मचारी का नाम :
2. जन्म तिथि :
3. धारित पद
4. मृत्यु तिथि
